C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:25 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 283 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 8 मई 2024

लापता लेडीज की नितांशी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### समैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** थाना वनभूलपुरा पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। वनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी। जब पुलिस टीम रेलवे फाटक के पास पहुंची तो वहां पर संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 8.18 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अमन सिद्दकी पुत्र आफताब सिद्दकी निवासी गफूर बस्ती वार्ड नंबर 24 बनभूलपुरा बताया।पूछताछ में उसने बताया कि वह यह स्मैक शोएब निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा से लेकर आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### रेलवे स्टेशन के एसी लाउंज में बुजुर्ग से चोरी

**हल्द्वानी।** रेलवे स्टेशन का एसी लाउंज भी चोरों से अछूता नहीं रहा। चोरों ने एक बुजुर्ग की जेब काटकर उसमें रखी 23 हजार रूपए की नगदी चुरा ली। बुजुर्ग ने मामले की शिकायत जीआरपी पुलिस स्टेशन में की है। कृपाल आश्रम के पास विजय नगर नई दिल्ली में रहने वाले मनोहर लाल पुत्र स्व. गोपाल दास ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सीजीए कार्यालय से सीजीए के सलाहकार के रूप में सेवानिवृत्त हैं। 29 अप्रैल को उन्हें शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए निकलना था। इसके वह रेलवे स्टेशन पहुंचे और एसी लाउंज में बनाए गए रजिस्टर में प्रविष्टि करके एसी लाउंज की सुविधा का उपयोग करने का विकल्प चुना। भुगतान करने के बाद एसी लाउंज के काउंटर पर पहुंचा। आरोप है कि लाउंज में दो लोगों ने उसे बातों में उलझा कर उनकी जेब में रखी 23 हजार रूपए की नगदी उड़ा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत जीआरपी में दर्ज कराई है।

## बाबा केदार की डोली ने अंतिम पड़ाव के लिए किया प्रस्थान

देहरादून
हमारे संवाददाता

भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली ने आज बुधवार को फाटा से अंतिम पड़ाव गौरीकुंड के लिए प्रस्थान किया। जहां पर बाबा केदार गौरी माई से भेंट करेंगे। जबकि 9 मई को चल उत्सव विग्रह डोली अपने धाम पहुंचेगी।

पंच केदार में प्रमुख भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली मंगलवार को अपने दूसरे पड़ाव फाटा पहुंची थी। यहां से आज बाबा केदार की डोली अपने अंतिम पड़ाव



गौरीकुंड पहुंचेगी। मंगलवार को सुबह 7.30 बजे विश्वनाथ मंदिर में पुजारी शंकर लिंग ने बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। साथ ही अन्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। सुबह 8.45 बजे बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली ने विश्वनाथ मंदिर से अपने धाम के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर भारी संख्या में बाबा के भक्तों ने पुष्प, अक्षत से अपने आराध्य का स्वागत करते हुए उन्हें धाम के लिए विदाई दी। नाला, नारायणकोटी, मैखंडा होते हुए बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली दोपहर बाद अपने दूसरे पड़ाव फाटा पहुंची। यहां पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों और वेद मंत्रोच्चार के बीच भक्तों ने डोली का स्वागत किया। यहां, रात्रि को जागरण भी किया जाएगा। बुधवार को बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली अपने अंतिम पड़ाव गौरीकुंड पहुंचेगी। फाटा से डोली ने प्रस्थान कर लिया है। यहां पर बाबा केदार का गौरी माई से मिलन होगा। 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलते ही चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी, जबकि 12 मई को बदरीनाथ धाम खुलेंगे। प्रदेश सरकार ने सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा की व्यापक तैयारियां की हैं। पिछले कुछ सालों से चारधाम यात्रा श्रद्धालुओं की संख्या में नया रिकॉर्ड बना रही है।

कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ा

## करीमनगर में विपक्षियों पर जमकर बरसे पीएम मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना और हमारा पूरा देश संभावनाओं से भरा हुआ है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक तीन चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। इसके साथ ही धुआंधार चुनाव प्रचार का दौर भी जारी है। इसकी मिसाल है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। वह आज दो राज्यों में तीन रैलियों और एक रोड शो में शामिल होंगे।

फिलहाल, वह तेलंगाना के करीमनगर में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, %कल देश में तीसरे चरण का चुनाव पूरा हो गया है। तीसरे फेज में कांग्रेस



और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। अभी चार चरण का चुनाव बाकी है। जनता के आशीर्वाद से भाजपा और एनडीए तेजी से विजय रथ को आगे ले जा रही है। यहां आपने भाजपा सांसद की जीत पहले ही सुनिश्चित कर दी है। कांग्रेस की हार यहां इतनी पक्की है कि बहुत मुश्किल से वो किसी को चुनाव लड़ने के लिए मना पाई। बीआरएस का यहां कोई अता-पता ही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, तेलंगाना के लोगों ने पिछले 10 सालों में मेरे काम को देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आप के एक वोट से अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ और जम्मू कश्मीर में शांति एवं समृद्धि सुनिश्चित हुई। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया।

## नकली सोना देकर ले लिया लोन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

गोल्ड लोन के नाम पर बैंक के साथ जालसाजी करने का मामला प्रकाश में आया है। बैंक प्रबंधक की ओर से आधा दर्जन के ज्यादा लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

केनरा बैंक बरेली रोड शाखा के प्रबंधक संजय पाण्डे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गोल्ड लोन लेने के लिए बैंक द्वारा भारद्वाज ज्वैलर्स के स्वामी तरूण भारद्वाज पुत्र रमेश कुमार भारद्वाज निवासी दुर्गा कालोनी धानमिल बरेली रोड हल्द्वानी को अधिकृत किया गया है। इसके अलावा अन्य ज्वैलर्स रमेश चन्द्र पुत्र राम लुभया निवासी वार्ड नंबर 14 आदर्श कालोनी रूद्रपुर भी अधिकृत हैं। आरोप है कि जिन आरोपियों ने गोल्ड लोन के नाम पर लोन लिया उन्होंने भारद्वाज ज्वैलर्स के साथ मिलीभगत कर योजनाबद्ध तरीके से बैंक के साथ धोखाधडी कर नकली सोने के आभूषण व फर्जी कागजात पेश कर धोखाधडी से लोन ले लिया। बैंक प्रबंधक के अनुसार मौ. इमरान पुत्र मौ. हनीफ निवासी वार्ड नंबर 14 इन्द्रानगर हल्द्वानी ने सोने की चेन और ब्रैशलेट के एवज में उसे 3 मार्च 2023 को बैंक द्वारा 1 लाख 10 हजार रूपए का गोल्ड दिया गया। इसके बाद आरोपी ने 15 मार्च को ही 4 सोने के कंगन, दो सोने की अंगुठियां और 2 सोने की झुमकिया रखी। जिनका मूल्याकन करने के बाद बैंक ने उसे 1 लाख 75 हजार रुपए का गोल्ड लेन प्रदान कर दिया गया। सोना रख कर इमरान ने 2 लाख 85 हजार रूपए का लोन ले लिया। इसके अलावा हरजिन्द्र कौर पत्नी नरूला पुत्र गुरदीप सिंह निवासी वार्ड नंबर 11 पर्वतीय मौहल्ला पाल कॉम्प्लेक्स के पीछे हल्द्वानी गोल्ड लॉन के लिए अपनी 4 सोने के कंगन बैंक में दिए जिनका मूल्याकन करने के बाद बैंक ने हरजिन्द्र कौर को एक लाख पन्द्रह हजार रूपए का गोल्ड लोन दिया गया।

इसके अलावा मजहर आलम पुत्र जहीर हसन निवास वार्ड नंबर 59 गौजाजाली ने भी गोल्ड लोन के लिए 3 सोने की चैन व 2 कंगन बैंक में दिए जिसके बाद उसे बैंक ने एक लाख पिचहत्तर हजार रूपए का गोल्ड लोन प्रदान कर दिया गया। वहीं मौ. फिरोज पुत्र मौ. हनीफ निवासी वार्ड नंबर 14 इन्द्रानगर हल्द्वानी ने अपनी सोने की चैन व 1 सोने की अंगूठी बैंक में प्रस्तुत किए और 60 हजार रूपए का लोन प्राप्त किया। जबकि यासमीन खानम पुत्र वसीम अली निवासी लाईन नंबर 09 वार्ड नंबर 23 आजादनगर हल्द्वानी... शेष पेज 4 पर

## शहर में ऑटो लिफ्टरों का आतंक, तीन बाइक उड़ाई

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में वाहन चोर फिर सक्रिय होने लगे हैं। वाहन चोरों ने दो दिन में तीन बाइक पर हाथ साफ कर पुलिस की चौकसी की पोल खोल कर रख दी है पुलिस शहर को अपराध मुक्त होने का दावा करती आ रही है लेकिन अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर हैं वाहन चोरों ने पुलिस कि दावों की हवा निकल कर रख दी है वाहन चोरों ने दो बाइक एसटीएच से चुराई गई हैं जबकि एक बाइक मेडिकल चौकी के पास से चुराई गई है। निलांचल कालोनी डहरिया निवासी दीक्षित जोशी पुत्र स्व. हरीश चंद्र जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह सुशीला तिवारी गया था। उसने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर गेट नंबर दो के पास खड़ी कर दी। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं प्रदीप पुत्र रामचरन भी अपने बेटे को देखने के लिए अस्पताल गया था। उसने अपनी बाइक एसटीएच में खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। वहीं मल्लीताल नैनीताल निवासी मुजफ्फर अली पुत्र मंजूर हुसैन ने भी बाइक चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। उसका कहना है कि वह बरेली रोड के एक शो रूम में काम करता है। वह मेडिकल चौकी से कुछ दूरी पर किराए के मकान में रहता है। उसने अपनी बाइक रोजाना की तरह कमरे के बाहर खड़ी की थी। सुबह उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने बाइक चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सी ओ नितिन लोहनी ने बताया की वाहन चोरों को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई है जल्दी ही वाहन चोर पुलिस की गिरफ्तार होंगे।

### केरल में उड़ानें रद्द होने से भड़के यात्री

**नई दिल्ली।** यात्रियों ने दावा किया कि सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद जब वे विमान में चढ़ने का इंतजार कर रहे थे तब उन्हें उड़ान रद्द होने के बारे में जानकारी दी गई। हालांकि, एयरलाइन ने यात्रियों को पूरे पैसे वापस करने या किसी अन्य तारीख पर यात्रा करने को कहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें अंतिम समय में रद्द किए जाने पर यात्रियों का गुस्सा भड़क गया है। बुधवार को केरल के सभी हवाईअड्डों पर नाराज यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया। ज्यादातर यात्री खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे। यात्रियों ने दावा किया कि सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, जब वे विमान में चढ़ने का इंतजार कर रहे थे तब उन्हें उड़ान रद्द होने के बारे में जानकारी दी गई। हालांकि, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को पूरे पैसे वापस करने या किसी अन्य तारीख पर यात्रा करने को कहा है।

## रुद्रपुर में भाई-बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे भाई बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां मौजूद लोगों से घटना की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को सिंह कालोनी में गली नंबर 10 निवासी अमोलख के मकान में किराए पर रह रहे भाई बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना पुलिस को मिली।

इस पर कोतवाल धीरेन्द्र कुमार,एसएसआई केसी आर्या समेत अन्य पुलिस के अधिकारी पहुंचे। बाद में एसपी निहारिका तोमर भी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मौके पर मौजूद रवि ने



पुलिस को बताया कि मृतक 23 वर्षीय सुनील पुत्र रामचंद्र साला और 19 वर्षीय करिश्मा साली। तीन दिन पहले ही दोनों को मकान किराए पर दिलवाया। सुनील ठेली लगाता था। दोनों जनपद बरेली के थाना दरियागंज क्षेत्र ग्राम चंदुआ के निवासी थे। पुलिस के मुताबिक सुनील पंखे के कुंडे में लटका था, जबकि करिश्मा जमीन पर पड़ी थी। युवती के गले में निशान थे। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि दोनों तीन मंजिल पर रहते थे। पुलिस शवों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई को भेजा है। युवक के कपड़े पर खून था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है। फिलहाल पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है।

### घटना

- सिंह कालोनी गली नंबर 10 में तीन दिन पहले ही लिया था मकान किराए पर
- युवक पंखे के कुडे में लटका था और बहन जमीन पर पड़ी थी, दोनों मृतक बरेली जिले के थाना दरियागंज के निवासी थे

### चार साल बाद जेल बाहर आया था आरोपी

पुलिस के मुताबिक मृतक सुनील दहेज हत्या के आरोप में चार साल बाद जेल बाहर आया था। उसके ससुराल वालों ने दहेज हत्या का केस कराया था।





# आईएससी 12वीं व आईसीएसई 10वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





आईएससी कक्षा 12वीं व आईसीएसई 10वीं के बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित हो गया है। बोर्ड से सम्बद्ध नगर के चारों स्कूलों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। आल बलसेंट्स कॉलेज की अरूसा बजाज ने 12वीं में नगर टॉप किया, जबकि 10 वीं मे सेंट मैरी की हर्षिदा उपाध्यक्ष ने नगर टॉप किया।

ऑल सेंटस कॉलेज 10 वीं में आस्था साह ने 94.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तुषिता तृषा 94 द्वितीय व अर्चिशा 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। परीक्षा में 78 छात्राएं शामिल हुई थी। 12 वीं में अरुसा बजाज 98.5 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉप किया। मायना सिंह 93.25 के साथ दूसरे व साम्या मित्तल 93 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। 37 छात्राओं ने परीक्षा दी थी।

शेरवुड कॉलेज के 12वीं के छात्र राम खंडेलवाल ने 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला, पार्थ अग्रवाल 95.25 प्रतिशत के साथ दूसरा व वैष्वी द्विवेदी ने 94.5 प्रतिशत के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 60 विद्यार्थी शामिल हुए थे, 10वीं में ऐश्वर्य गोयल ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला, सजल गंगवार व रुद्र नारायण गुप्ता ने सामूहिक 96 प्रतिशत के साथ दूसरा व स्पर्श गांधी ने 93.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा मे 73 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

सेंट मैरी कॉलेज में 12वीं में दिव्यांशी तिवारी 96.50 प्रतिशत के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी साह 95.5 प्रतिशत के साथ दूसरा व फ्रोजन मलिक अश्मिता साह ने 95.25 प्रतिशत के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। कुल 83 छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। 10वीं में इसी विद्यालय की हर्षदा उपाध्याय ने 97.20 प्रतिशत के साथ पहला, रियांशी गुरुरानी 96.8 प्रतिशत के साथ दुसरे व अश्लेषा साह 96.40 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। कुल 98 छात्र दसवीं की परीक्षा मे शामिल हुई थी। सेंट जोजफ कॉलेज में 12वीं में रजत जोशी, रितिक जोशी व दिव्यांश सामंत में 95-95 फीसद अंकों के साथ सामुहिकरूप से विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया । ब्रायन हैंडरसन ने 94.25 के साथ विद्यालय में दूसरा व सौरभ धौंढियाल 93.5 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 10वीं में विपुल जोशी 95.8 फीसद के साथ विद्यालय मे पहला, राघव अग्रवाल 95.6 दूसरे व धनंजय प्रताप सिंह बिष्ट 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## विपक्षी बीमा कम्पनी के विरूद्ध वसूली अधिपत्र जारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल (अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल,सदस्या विजयलक्ष्मी थापा व सदस्य लक्ष्मण सिंह रावत) द्वारा 16 सितंबर 2023 को मैसर्स सलाम कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया के दो मामलों में एवं मैसर्स सुपर कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया के तीन मामलों में निर्णय आदेश पारित किये गये थे। आदेश का अनुपालन समयावधि के भीतर ना होने पर परिवादी डिकीदार द्वारा पाँचों मामलों में ईजराय दाखिल की गयी। जिन्हें पंजीकृत करने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल द्वारा विपक्षी बीमा कम्पनी के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा विपक्षी बीमा कम्पनी के विरूद्ध वसूली अधिपत्र जारी किया गया। जिसके अनुपालन में तहसीलदार हल्द्वानी द्वारा विपक्षी बीमा कम्पनी से सभी पाँच वादों की डिक्रीटल धनराशि की वसूली कर 06 मई 2024 को निष्पादन वाद संख्या35/2023 मैसर्स सलाम कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया में मुव 73,74,742 रूपएं निष्पादन वाद संख्या-36/2023 मैसर्स सलाम कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया में मुव 48,54,544 रूपएं निष्पादन वाद संख्या-37/2023 मैसस सुपर कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया में मुव 35,44,360रूपएं निष्पादन वाद संख्या- 38/ 2023 व मैसर्स सुपर कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया में मुव 79,64,593रूपएं निष्पादन वाद संख्या-39/2023 मैसस सुपर कन्स्ट्रक्शन बनाम यूनाईटेड इण्डिया में मुव 21,50,000 रुपएं कुल 2,58,88, 239 रुपएं (दो करोड अठ्ठावन लाख अठ्ठासी हजार दो सो उन्तालीस रुपएं) वसूल कर अलग-अलग चैकों के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल के कार्यालय में जमा किये गये हैं जिसका भुगतान जिला उपभोक्ता आयोग नैनीताल के खाते में प्राप्त होने के बाद डिकीटल धनराशि चैक के माध्यम से डिकीदार को भुगतान किया जायेगा।

## नशेड़ी ने युवक का सिर फोड़ा, कार्रवाई की मांग

**नैनीताल।** मल्लीताल कैपिटल सिनेमाहॉल के समीप दुकान में मोबाइल चार्ज करने पहुंचे युवक को वहां खड़ा नशेड़ी गाली गलौच करने लगा। युवक ने विरोध किया तो नशेड़ी ने युवक का सिर फोड़ दिया। युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी सागर कुमार सोमवार रात कैपिटल सिनेमाहॉल क्षेत्र की ओर गए हुए थे। मोबाइल में बैट्री कम होने पर पास में स्थित दुकान में जाकर चार्ज करने लगा। इसी दौरान वहां खड़ा नशेड़ी युवक गाली गलौच करने लगा। जब उसने विरोध जताया तो नशेड़ी ने उसके साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक


**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत


## मदर्स डे कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा 12 मई (रविवार) को होने वाले मदर्स डे कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई हैं, इसके लिए क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौढियाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई, बैठक में तय किया गया की 12 मई को होने वाले कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

बता दें कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए तनप्रीत कौर को संयोजक तथा रमा भट्ट, विनीता रावत और दया कुंवर को सहसंयोजक बनाया गया है। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम मे उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने संघर्ष कर अपने बच्चों को मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 12 साल से नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए क्लब द्वारा विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी को आमंत्रित किया जा रहा है और विशिष्ट अतिथि के लिए विधायक सरिता आर्या और नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन होंगे।

क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढोढियाल ने बताया की कार्यक्रम अपराह्न में ठीक एक बजे से गोवर्धन हाल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर नगर में महिलाओं में विशेष उत्साह है। कार्यक्रम की सफलता के लिए जीवंती भट्ट, विनीता पांडे, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, अमिता शाह, सीमा सेठ, तनु सिंह, कविता त्रिपाठी, डा.प्रगति जैन, हेमा भट्ट, रानी शाह, रेखा पंत, कंचन जोशी, लीला राज, पल्लवी राय, मीनाक्षी कीर्ति तथा मधुमिता व आभा शाह आदि लोग लगे हैं।

## NEWS / फटाफट

### क्रिकेट टूर्नामेंट यंगस्टर इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की

**नैनीताल** । डीएसए मैदान में चल रहे स्वर्गीय एमएम एंड एस के अहमद मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में दिन का प्रथम मुकाबला यंगस्टर इलेवन बनाम स्पीकर्स इलेवन खेला गया जिसमें यंगस्टर इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के तहत दूसरा मुकाबला न्यू चैलेंजर बनाम स्नो वॉरियर्स के समक्ष खेला गया जिसमे न्यू चैलेंजर्स ने शानदार जीत दर्ज की। दिन का तीसरा मुकाबला नो नेम बनाम बैड बॉय रहा जिसमें नो नेम ने जीत दर्ज की। दिन का चौथा और अंतिम मुकाबला पहाड़ी बॉयज बनाम फास्ट आयरपाटा खेला गया जिसमे पहाड़ी बॉयज ने जीत दर्ज की और अगले चरण में प्रवेश किया। इस बीच आयोजक समिति के सैयद रियान समेत मोहित बिष्ट व दीपक गंगोला व सचिन आदि उपस्थित रहे।

### पर्यटकों की सुरक्षा के लिए दो सिग्वे बेलेंसिंग स्कूटर



**नैनीताल।** पूर्व आईजी निलेश आनंद भरणे के द्वारा अपने कार्यकाल में थाना तल्लीताल को पुलिस विभाग की तरफ से पर्यटकों की सुरक्षा के लिए दो सिग्वे बेलेंसिंग स्कूटर मुहैया कराए गए थे जिनसे माल रोड बंद के दौरान पुलिस जवानों के द्वारा माल रोड में गश्त की जाती है जिसे देखकर पर्यटक न चाहते हुए भी आकर्षित हो जाते हैं और उसके बारे में पुलिस जवानों से जानकारी प्राप्त करते हैं। इस दौरान पर्यटक पुलिस के जवानों से पूछते हैं कि बिना ब्रेक के यह कंट्रोल कैसे होता है?, आगे पीछे कैसे जाता है और मुड़ता कैसे है? तथा ऐसे कई सवाल पर्यटक पुलिस जवानों से पूछते रहते हैं।उत्तराखंड के जवानों को देखते हुए अब यूपी पुलिस में भी पुलिस जवानों को पर्यटन स्थलों में बैलेंसिंग सीक्के स्कूटर उपलब्ध कराए गए हैं।

### नगर निगम ने खुले में कूड़ा जलाने वाले प्रतिष्ठान स्वामी का चालान काटा



**हल्द्वानी।** नगर निगम की टीम ने खुले में कूड़ा जलाने वाले प्रतिष्ठान स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की है। उसका पांच हजार का चालान काटा गया है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने लगातार बढ़ रहे वनाग्नि के मामलों को देखते हुए सभी क्षेत्रों में खुले में कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद हल्द्वानी के तीनपानी के पास कूड़ा जलाने की शिकायत प्राप्त होने पर नगर निगम हल्द्वानी की टीम ने जनता टायर रिपेयरिंग शॉप के स्वामी के कूड़ा जलाने की पुष्टि होने पर कार्रवाई करते हुए संबंधित फर्म के स्वामी का 5000 का चालान किया। इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने लोगों से अपील की है कि लगातार बढ़ रही वन अग्नि की घटनाओं एवं पर्यावरण को होने वाली क्षति को देखते हुए खुले में किसी भी प्रकार का कूड़ा न जलाये एवं अपना सहयोग प्रदान करें।

# अभिमत

## गरीब को भूल गये

***प्रधानमंत्री मोदी ने कई अप्रत्याशित और दूरगामी निर्णय लेकर सदियों पुरानी समस्याओं का समाधान किया है। वोट की राजनीति से ऊपर उठकर जाति आधारित आरक्षण को खत्म करने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं। संविधान में जाति आधारित आरक्षण का प्रावधान सिर्फ दस साल के लिए किया गया था। समाज के कमजोर वर्ग को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण नीति लागू की गई थी। इसके बाद आरक्षण के दायरे में आने वाली जातियों को वोट बैंक समझा जाने लगा। आरक्षण का फायदा उठाकर दलितों में भी एक आर्थिक रूप से सम्पन्न क्रीमीलेयर तैयार हो गई, जो सवर्ण के साथ अपनी ही जाति के गरीबों पर हावी है। आरक्षण से जातिवादी दुर्भावना पैदा हो रही है।***

स्वतंत्रता के बाद भारत ने तरक्की की है। वैज्ञानिकों ने हर क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। परमाणु शक्ति बनकर देश को सुरक्षित किया। आर्थिक और कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है। विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं कह रहे हैं कि भारत दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। गरीब और विकासशील की श्रेणी से निकलकर भारत विकसित देश बनने जा रहा है। विडम्बना यह है कि प्रगति के सोपान पर देश का एक वर्ग कभी नहीं चढ़ पाता है। चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दलों के नेता धर्म और जाति के समीकरण हल करने लगते हैं। देश की सबसे बड़ी जाति गरीब को भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण कम कर मुस्लिमों को देना चाहती थी, लेकिन भाजपा आरक्षण न खत्म करेगी और न ही धर्म के नाम पर बांटने देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वह दलितों का आरक्षण मुसलमानों को नहीं बांटेगी? जाति के आधार पर आरक्षण से देश में समस्याएं पैदा होती रही हैं। अर्थशास्त्रियों व समाजशास्त्रियों ने आर्थिक आधार पर आरक्षण की सिफारिश की है। हर धर्म और जाति में अमीर-गरीब हैं। इंदिरा गांधी वर्षों तक गरीबी हटाओ के नारे पर चुनाव जीतती रहीं, परन्तु गरीबी नहीं हटी। प्रधानमंत्री मोदी ने कई अप्रत्याशित और दूरगामी निर्णय लेकर सदियों पुरानी समस्याओं का समाधान किया है। वोट की राजनीति से ऊपर उठकर जाति आधारित आरक्षण को खत्म करने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी कर सकते हैं। संविधान में जाति आधारित आरक्षण का प्रावधान सिर्फ दस साल के लिए किया गया था। समाज के कमजोर वर्ग को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने के लिए आरक्षण नीति लागू की गई थी। इसके बाद आरक्षण के दायरे में आने वाली जातियों को वोट बैंक समझा जाने लगा। आरक्षण का फायदा उठाकर दलितों में भी एक आर्थिक रूप से सम्पन्न क्रीमीलेयर तैयार हो गई, जो सवर्ण के साथ अपनी ही जाति के गरीबों पर हावी है। आरक्षण से जातिवादी दुर्भावना पैदा हो रही है। विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सत्ता में आने पर मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू की थी, जिससे पूरे देश में हिंसक घटनाएं हुई थीं। उस दौरान भाजपा व अन्य पार्टियों ने जाति के आधार पर आरक्षण खत्म करने की बात कही थी। सत्ता में आने पर आरक्षण को आगे भी जारी रखा गया। यदि आर्थिक आधार पर आरक्षण की नीति लागू कर दी जाये तो धर्म और जाति का भेद ही खत्म हो जायेगा। गरीब की परिभाषा और मानक तय किये जायें, जिससे पात्र व्यक्ति को ही आरक्षण का लाभ मिले।

# गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के जन्मोत्सव का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विगत 9 वर्षों की भांति इस वर्ष भी शांति निकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालया द्वारा गुरुदेव की कर्मभूमि रामगढ़ नैनीताल में गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के 163वें जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष के कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि गुरूदेव का 163वा जन्मोंसव उस स्थान पर अयोजित किया गया जहां कभी गुरूदेव स्वयं रहा करते थे तथा जिसे शांतिनिकेतन ट्रस्ट फ ॉर हिमालया एवम स्थानीय निवासियों के आग्रह पर उत्तराखंड सरकार द्वारा विश्वाभारती विश्वविद्यालय के परिसर की स्थापन हेतु निश्शुल्क प्रदान किया जा चुका है तथा राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूर्व में यहां विश्वाभारती विश्वविद्यालय के गीतांजलि परिसर हेतु भूमि पूजन एवम शिलान्यास भी किया जा चुका है। इस तरह से गुरूदेव का 163 जन्मोत्सव का आयोजन विश्वाभारती विश्वविद्यालय के रामगढ़ स्थित गीतांजलि परिसर की भूमि पर किया गया। बता दें कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में पूरे देश में लागू आदर्श आचार संहिता



के चलते इस वर्ष का जन्मोत्सव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सूक्ष्म रूप में ही आयोजित हुआ। गुरूदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं हवन पूजन इत्यादि के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गयाए जिसमें शांतिनिकेतन ट्रस्ट फॉर हिमालया के सचिव प्रो. अतुल जोशी जी ने रामगढ़ में आयोजित किए गए प्रथम जन्मोत्सव से वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के सहयोग को याद करते हुए स्थानीय निवासियों सहित ट्रस्ट के प्राण्यासियों इत्यादि सभी का आभार प्रदान किया।

उन्होंने आशा जताई कि लोकसभा चुनावों के तुरंत बाद केन्द्र सरकार पूर्व प्रेषित डी पी आर के अनुरूप रामगढ़ के गीतांजलि परिसर की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर देगी। जिसके परिणामस्वरुप रामगढ़ सहित उत्तराखंड का नाम अकादमिक स्तर पर विश्वविख्यात होगा। विचार गोष्ठी में प्रो. एस. डी. तिवारी ने अपने संबोधन में गुरदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर के मानवतावादी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा की गुरुदेव के मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाने में ही विश्व का कल्याण निहित है। इस अवसर कुमाउं विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य डॉ सुरेश डालाकोटी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने गुरुदेव की कर्मभूमि रहे रामगढ़ उत्तराखंड स्थित गुरुदेव की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए विश्व भारती विश्वविद्यालय तथा उत्तराखंड सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेन्द्र ढैला द्वारा कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र बिष्ट द्वारा किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों सहित ए के चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान रेखा जोशी, हेमंत डालाकोटी, प्रो सुरेश चंद्र सती, डॉ विजय कुमार, डॉ विनोद जोशी, डॉ जीवन उपाध्याय, डॉ तेज प्रकाश, डॉ भूपेश चंद्र पंत, डॉ गौतम रावत, डॉ अशोक उप्रेती, डॉ तेज प्रकाश जोशी, डॉ लक्ष्मण मेहरा, कृष्णानंद जोशी, किशन भट्ट, किशन सिंह मेहरा, कुंदन चिलवाल, अंकित पांडे, विनय कार्की, डूंगर सिंह किरोला, नंदन सिंह, लोकेश बिष्ट, पवन दर्मवाल, किशोर बिष्ट तथा देवेंद्र सिंह दर्मवाल आदि उपस्थित रहे।

### कच्ची शराब समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** टीपी नगर पुलिस ने एक युवक को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। टीपी नगर पुलिस को बेलबाबा मंदिर के पास वाले रास्ते पर एक व्यक्ति द्वारा कच्ची शराब बेचने की सूचना मिली जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसके पास मिले थैले से 66 पाउच कच्ची शराब बरामद की है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहित सिह पुत्र सुरेन्द्र सिह पता बेलबाबा हरिपुर फुटकुँआ हल्द्वानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दिनेश चन्द्र से बदलकर दिनेश चन्द्र जोशी रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे दिनेश चन्द्र जोशी नाम से जाना पहचाना जाए। – **दिनेश चन्द्र जोशी पुत्र माधवा नन्द जोशी, म.नं.- 18, नन्दपुर, कठघरिया, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# खनन में लिप्त अपराधिक प्रवृत्ति व गुंडागर्दी करने वालों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी




**बैठक**

- **उत्तराखंड शासन के निर्देश पर नई खनन रायल्टी को तीन गुना करते हुए**
- **300 करोड़ का राजस्व जमा कराने वाली कंपनी के साथ एसएसपी ने ली बैठक**

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने मैसर्स कैलाश रिवर बैड मिनिरल्स एलएलपी के अधिकारियों तथा जनपद पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक ली। एसएसपी ने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत चैक पोस्टों को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने के लिए संबंधित को निर्देश दिए हैं।

एसएसपी ने कंपनी को निर्देशित किया कि चैकपोस्ट में नियुक्त सभी कर्मियों का पुलिस सत्यापन कराए। साथ ही कहा कि आपराधिक प्रवृति के लोगो की नियुक्त न करें। एसएसपी ने कहा कि सभी कर्मियों का व्यवहार अच्छा हो, सभी का आईडी कॉर्ड के साथ यूनिफार्म में नियुक्त करें। एसएसपी ने पुलिस अधीक्षक, सीओ,थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र के सभी चेकपोस्टों के सक्षम अधिकारियों के साथ समन्वय बनाने व शांति व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि खनन में लिप्त अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो जो चेकपोस्टों पर गुंडागर्दी या बलपूर्वक निकलने का प्रयास करते है, उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही हो।

## फिल्मी दुनिया

# लापता लेडीज की नितांशी का मेट गाला 2024 में जलवा



*एक तरफ जहां आलिया भट्ट सब्यसाची मुखर्जी की साड़ी और शानदार मेकअप में मेट गाला 2024 में नजर आईं। वहीं दूसरी तरफ बेहद सादे अंदाज में लापता लेडीज की नितांशी गोयल मेट गाला 2024 का हिस्सा बनीं। मेट गाला 2024 में बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने अपनी मौजूदगी ने तहलका मचा दिया। सोमवार से ही इंटरनेट पर उनकी मेट गाला लुक की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फैंस उनके लुक के दीवाने हुए जा रहे हैं। वहीं एक और भारतीय स्टार भी मेट गाला 2024 में शामिल हुईं। आपको लापता लेडीज की फूल याद है न। फूल का किरदार नितांशी गोयल ने निभाया था। कल नितांशी गोयल भी मेट गाला 2024 में स्पॉट की गईं। एक तरफ जहां आलिया भट्ट सब्यसाची मुखर्जी की साड़ी और शानदार मेकअप में मेट गाला 2024 में नजर आईं। वहीं दूसरी तरफ बेहद सादे अंदाज में लापता लेडीज की नितांशी गोयल मेट गाला 2024 का हिस्सा बनीं। सोमवार शाम को आमिर खान प्रोडक्शंस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ने लापता लेडीज की फूल के मेट गाला रेड कार्पेट लुक को साझा किया। नितांशी गोयल ने लापता लेडीज से बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाई है। दर्शकों ने उनके किरदार को काफी प्यार दिया है। वहीं कल मेट गाला के दौरान नितांशी साधारण लाल साड़ी में नजर आईं। वे कंधों पर मैरून रंग का शॉल लपेटे हुए और माथे पर मैचिंग बिंदी लगाए हुए अपने किरदार में नजर आईं।*

### फिदा फूल की सादगी पर

*नितांशी ने एक हाथ से अपनी साड़ी और दूसरे हाथ से शॉल को पकड़ रखा था। मेट गाला 2024 के कारपेट पर वे बिल्कुल लापता लेडीज की फूल वाली अवतार में नजर आईं। नितांशी गोयल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट साझा करते हुए अपने फैंस को इस बात की जानकारी दी कि वे मेट गाला 2024 का हिस्सा बनीं हैं। सोशल मीडिया पर नितांशी का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा है, अपनी सदाबहार शादी के जोड़े में फूल खिल रही हैं।*

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मंगलवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कल्याणी, बहल्ला, ढेला नदियों में हो रहे प्रदुषण को रोकने के लिये ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होने जल निगम के अभियंताओं को निर्देश दिये कि जनपद में बन रहे एसटीपी प्लान्ट का निर्माण सयमबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एसटीपी निर्माण से सम्बन्धित विस्तृत रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में नदियों की विशेष परिस्थितियों के कारण बाढ़ प्रभावित एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों का डाटा संकलित करने निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने नगर आयुक्त तथा नगर पालिकाओं/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि नालियों को बरसात से पहले सफाई कराना सुनिश्चित करें ताकि जल भराव की स्थिति न हो। उन्होने नगर निगम रूद्रपुर व अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिये कि कल्याणी नदी को टीम लगाकर 15 मई से 15 जून 2024 तक सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले सोलिड एवं लिक्विड वेस्ट आदि के निस्तारण के लिये सम्बन्धित औद्योगिक इकाईयों को चिन्हित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। डीएम ने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में कितने घर है व कितनी जनसंख्या है और कितना कूड़ा एकत्र हो रहा है उसकी पूरी डिटेल बनाकर प्रस्तुत करें ताकि पता चल सकें कि जनसंख्या के मानक के आधार पर कूड़ा एकत्र हो रहा है या नही। बैठक में डीएफओ उमेश चन्द्र तिवारी, सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नरेश गोस्वामी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, नामित सदस्य पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ आशुतोष पंत, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल सहित ईओ व सम्बन्धित अधिकारी थे।

# आबादी तक पहुंची जंगल में लगी आग, ग्रामीणों में मची अफरा-तफरी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सोमवार की रात बेतालघाट ब्लॉक के धूरा के जंगल में लगी आग मंगलवार को छोटी जजुली गांव के आबादी क्षेत्र तक पहुंच गई। ऐसे में ग्रामीणों ने पानी और पिरूल की लाइन काटकर करीब 10 घरों के लोगों को आग से बचाया। पर्वतीय क्षेत्रों में लगी आग अब आबादी क्षेत्रों में पहुंचने लगी है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार की रात बेतालघाट ब्लॉक के धूरा के जंगल में लगी आग मंगलवार को छोटी जजुली गांव के आबादी क्षेत्र तक पहुंच गई। ऐसे में ग्रामीणों ने पानी और पिरूल की लाइन काटकर करीब 10 घरों के लोगों को आग से बचाया। सोमवार की रात वनाग्नि की आग जजुली गांव तक पहुंच गई। लोगों ने आग धधकते देखा तो वे भयभीत हो गए। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीण सोबन सिंह करायत, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, विमला देवी और लता देवी दूरदराज से पानी लाकर आग बुझाते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसबीच चीड़ के पेड़ों से गिरे पिरूल की लाइन को काटकर आग को आबादी क्षेत्र तक पहुंचने से रोक लिया गया। हालांकि,राजेंद्र सिंह के घास के दो लुटे और नाशपाती व नीबू के पेड़ झुलस गए। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के जंगलों में लगी आग की घटना पर काबू पाने वाले वन कर्मियों की चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन ने सराहना की। उन्होंने सीटीआर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन डॉ. समीर सिन्हा ने कालागढ़ से सीटीआर पहुंचे। इसके बाद चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन रूरू स्टेशन पहुंचे, जहां कर्मचारियों से वार्ता की। इस दौरान सीटीआर निदेशक डॉ. धीरज पांडेय आदि मौजूद रहे। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) की सर्पदुली रेंज और रामनगर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। लाउडस्पीकर के माध्यम से वनाग्नि को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर रेंजर बिंदरपाल, कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई द्वितीय मनोज नयाल, वन दरोगा धर्मपाल नेगी, वन आरक्षी जगदीश, चंदन, स्वाति, विजयपाल, गोविंद व पंकज रावत मौजूद रहे।

## वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए एडवाइजरी जारी

नैनीताल जिले में वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। साथ ही सभी प्रभागीय वनाधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी, नगर आयुक्त, उप जिलाधिकारी, लोनिवि आदि विभाग को दायित्व दिया गया है। अपर जिला अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि विभिन्न व्यक्तियों और प्रतिष्ठानों की ओर से वन भूमि में ठोस अवशिष्ट के निस्तारण, जलावन, ज्वलनशील सामग्री एवं अन्य ऐसी सामग्री जो की अव्यवस्थित रूप से फैकने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लान्ट, टैंचिग ग्राउंड व कूड़ा घरों में किसी भी प्रकार की सामग्री को जलाने पर पूर्णत: रोक लगाई गई है। अपर जिला अधिकारी चौहान ने बताया ने पेट्रोल पंप, लीसा फैक्ट्री, भूसा गोदाम आदि के लिए परिसर के 100 मीटर की परिधि से ज्वलनशील अवशिष्ट जैसे प्लास्टिक कागज संबंधित कूड़ा, पीरूल, सूखे पत्ते टहनियां इत्यादि को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कहा होटल, रिर्जाट, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, होम स्टे एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की ओर से उत्सर्जित अवशिष्टों (जैविक एवं अजैविक) को खुले में छोड़ना पूर्णत: प्रतिबंधित होगा। प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आने पर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## News कॉर्नर

### लगातार आग लगने के बाद वन विभाग की टीम हुई चौकन्नी

**नैनीताल।** क्षेत्र में लगातार आग लगने के बाद वन विभाग की टीम चौकन्नी हो गई हैं। वन विभाग की ओर से दिन और रात गश्त करने के चलते बीते दो दिनों से जंगल में आग की घटना नहीं दिखाई दे रही हैं। विभाग जंगलों में नजर रखने के साथ ही अब तक हुई आग की घटनाओं को अंजाम देने वालों की पूछताछ में भी लगा हुआ है। वहीं जंगलों में दोबारा गिरा पिरूल एक बार फिर विभाग के लिए चुनौती बन रहा है। बता दें कि बीते दिनों जंगलों में भीषण आग के बाद वन विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग की ओर से दिन रात गश्त कर क्षेत्र के जंगलों में नजर रखी जा रही है। लेकिन जंगलों में दोबारा गिरा पिरूल एक बार फिर विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। जंगलों को दोबारा आग से बचाने के लिए विभाग की ओर से लोगों से जंगलों को बचाने की लगातार अपील की जा रही है। डीएफओ चन्द्रशेखर जोशी ने बताया कि विभाग के कर्मचारी दिन रात जंगलों को आग से बचाने में जुटे हुए हैं। दिन के साथ ही वन विभाग की कई टीमें रात्रि में भी गश्त कर रही हैं। साथ ही अग्नि संभावित क्षेत्रों से पिरूल व सूखे पत्तों को भी हटाया जा रहा है। वर्तमान में जंगलों में कोई आग नहीं लगी हुई है। बताया कि अब तक जंगलो में आग लगाने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि आग लगाने वाले की जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रख उनको पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर टटोली उनकी नब्ज

किच्छा/शक्तिफार्म

हमारे संवाददाता



निकाय चुनाव के करीब आते ही भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी नब्ज टटोली भवाली में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं से सुझाव लेने के साथ ही मतदाता सूची में छुटे नाम दर्ज करवाने की बात जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगे प्रस्तावित निकाय चुनाव में कार्यकर्ता एकजुटता के साथ पार्टी का प्रचार कर पार्टी प्रत्याशी को विजय बनाने का संकल्प ले जिलाध्यक्ष ने हर वर्ग में तीन तीन नामो के साथ ही सभासद पर भी पैनल भेजने की बात कही।

वहीं मण्डल अध्यक्ष से सभासद पद पर भी आवेदन लेने की बात कही कहा कि पार्टी सभासद पद पर भी नया नेतृत्व तैयार कर रही है जिससे कार्यकर्ताओ में नेतृत्व क्षमता विकसित होगी इससे पहले मण्डल अध्यक्ष पंकज अद्वेति ने सभी का स्वागत किया बैठक में विधायक सरिता आर्या प्रभारी बहादुर नगदली पूर्व पालिका अध्यक्ष नीमा बिष्ट प्रकाश आर्य, शिवांशु जोशी, जुगल मठपाल, भगवती सुयाल, वर्षा आर्य, लवेंद्र क्वीरा, पवन भाकुनी, मुकेश पलाडिया, कंचन साह, संजय जोशी, कंदकिशोर पांडे, हितेश साह, नरेश पांडेय, विक्रम क्वीरा, सुनील मेहता, दिनेश आर्य आदि लोग कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वानिकी एवं पर्यावरण विभाग को ए प्लस कैटेगरी प्रदान की गई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**मूल्यांकन**

● दिसंबर माह में विभाग का निरीक्षण तथा मूल्यांकन

कुमाऊं विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विभाग को इंडियन काउंसिल फॉर फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन द्वारा ए प्लस कैटेगरी प्रदान की गई है।

बता दें कि आईसीएफ आरई द्वारा दिसंबर माह में विभाग का निरीक्षण तथा मूल्यांकन किया गया है । विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जीत राम इस आशय का प्रमाण पत्र कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत को सौंपा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने विभाग के कार्यों की प्रसंसा की तथा कहा कि वानिकी विभाग बेहतर कार्य एवम शोध कर रहा है । वानिकी विभाग 1978 से प्रारंभ हुआ तथा शोध एवं उत्तराखंड के जंगल के अध्यन के लिए जाना जाता है । प्रो. जीत राम ने कहा की प्रो. एलएस लोधियल तथा प्रो आशीष तिवारी, डॉक्टर नीता आर्य, डॉक्टर बिजेंद्र लाल,डॉक्टर नंदन बिष्ट तथा डॉक्टर कुबेर गिनती व डॉक्टर ईरा तिवारी व डॉक्टर मैत्री नारायण सहित विभाग के कर्मचारियों एवं शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के मेहनत का ये सुखद परिणाम है । बता दें कि आईसीएफ आरइ हर पांच साल में संबंधित विभागों का पैनल करता है । दूसरी ओर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी एवम महासचिव डॉक्टर विजय कुमार ने वानिकी विभाग की मेहनत पर उन्हें बधाई एवं मुबारकबाद दी है ।

# गौसेवकों ने जांच की मांग को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

स्टूडेंट यूनियन गर्जन सोसायटी एवं गौ सेवकों ने शहर के धार्मिक स्थल में प्रतिबंधित मांस पकाये जाने के मामले में अब तक कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों नैनीताल रोड स्थित एक धार्मिक स्थल में प्रतिबंधित मांस पकाये जाने का पता लगने पर गौ सेवकों ने इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी थी। इस पर पशु चिकित्साधिकारी व फूड इंस्पेक्टर ने सैंपलिंग एकत्र कर पुलिस को सौंप दिये थे। बाद में पुलिस ने सैंपल जांच के लिए ऋषिकेश भेजे थे। इधर जब गौ सेवक जोगेंद्र राणा ने इस बाबत थानाध्यक्ष काठगोदाम से जानकारी ली तो बताया गया कि सैंपल की जांच नहीं हो पाई है और इसे हैदराबाद की निजी लैब में भेजा गया है। इसी मामले में आज बुधवार को सोसायटी से जुड़े लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पंकज खत्री, जोगेन्द्र राणा, दीपांशु पोखरिया, पवन गुप्ता, भविष्य रावत, गौतम भोला, करन जायसवाल आदि शामिल थे।

## डीएम के माध्यम से महिला सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल।** महिला कांग्रेस नैनीताल की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट व नगर अध्यक्ष डा. भावना भट्ट के संयुक्त नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने हासन संसदीय क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी प्रज्वल रेवन्ना पर लगे कथित यौन उत्पीडन के आरोप के आधार पर उक्त पर कार्यवाही तथा शिकायतकर्ता महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को हस्तगत किया गया। ज्ञापन में उक्त प्रज्वल रेवन्ना पर लगाए गए कथित आरोपों की गहन तथा निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# बारिश न हुई तो गौला से ठप हो जाएगी पेयजलापूर्ति

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**संकट**

● बुधवार को जलस्तर 69 क्यूसेक रिकार्ड, पिछले भारी साल की तुलना में 100 क्यूसेक से अधिक की भारी गिरावट

शहर में गौला नदी कब तक पानी पिलाएगी कुछ कहा नहीं जा सकता। हाल-फिलहाल बारिश न हुई तो पेयजल संकट गहरा सकता है।


ट्यूबवेलों को छोड़ दें तो गौला नदी शहरवासियों को पानी पिलाने की स्थिति में नहीं है। आज बुधवार को गौला का जलस्तर 69 क्यूसेक रिकार्ड किया गया जो पिछले साल इस दिन 173 क्यूसेक था। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गौला के जलस्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि जल संस्थान को पेयजलापूर्ति अभी जारी है। बताया गया कि 50 क्यूसेक तक जलापूर्ति होती रहेगी। वहीं सिंचाई के लिए पानी अब कम पड़ गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि देवलचौड़, ऊंचापुल, गौलापार के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ही पानी दिया जा रहा है चूंकि पानी कम है ऐसे में दूरी वाली नहरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले साल आठ मई को गौला का जलस्तर 173 क्यूसेक दर्ज किया गया था जो इस बार 100 से भी अधिक की गिरावट में पहुंच गया है। जल संस्थान व सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने चिंता जताई कि यदि 10 दिन के भीतर बारिश न हुई तो स्थिति खराब हो सकती है। पानी के लिए त्राहि-त्राहि मचेगी, इसके आसार बन रहे हैं। वहीं पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सर्विस सेंटरों के साथ ही तमाम भवन निर्माण आदि पर रोक लगाई गई है।

# जंगली मधुमक्खियों के हमले में छह नाबालिग गंभीर

नैनीताल

हमारे संवाददाता







निकटवर्ती हल्द्वानी- नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग ज्योलीकोट बाजार से पहले बीते रोज मंगलवार को जंगली मधुमक्खियों के हमले में 6 नेपाली नाबालिग बच्चे गंभीर रूप में घायल हो गए जिन्हें बाद में 112 वाहन की मदद से जिला मुख्यालय नैनीताल उपचार के लिए ले जाया गया।

बच्चों को बचाने के प्रयास में अन्य कई राहगीर और बच्चों के परिजन भी चपेट में आ गए। घटना के दौरान काफी समय तक अफ रा- तफ री मची रही। फिलहाल बच्चों की हालात खतरे से बाहर है।

जानकारी के मुताबिक चपेट में आए नेपाली मजदूरों के 6 नाबालिग बच्चों में दो बच्चे घटना के लगभग दो घण्टे बाद मिले जिन्हें बाद में 112की मदद से उपचार के लिए नैनीताल ले जाया गया।

इससे पहले इन बच्चों की खोजबीन में पुष्कर जोशी, दीवान अधिकारी और हरगोबिंद रावत लगे थे, लेकिन चोटिल और घबराए बच्चे दूर निकल गए जिन्हें बाद में बच्चों की मां खोज कर लाई। इस दौरान 4 बच्चों को रेस्क्यू कर घटनास्थल से प्राथमिक उपचार के लिए ज्योलीकोट तक लाने में सामाजिक कार्यकर्ता पुष्कर जोशी और देव जोशी ने अहम भूमिका निभाई। इससे पहले कई लोगों ने मानवता का परिचय देकर बच्चों को बचाने और सुरक्षित करने का प्रयास किया लेकिन क्रोधित मधुमक्खियां ने उन पर भी हमला कर दिया,बाद में 112वाहन के पुलिस कर्मियों ने भी सक्रियता दिखाई।

## पेज एक का शेष.....

### नकली सोना देकर...

...ने दो सोने की चैन बैंक में प्रस्तुत कर सत्तर हजार रूपए का गोल्ड लोन लिया गया। इसके अलावा जोया अहमद पत्नी मजहर आलम निवासी वार्ड नंबर 59 गौजाजाली हल्द्वानी ने भी गोल्ड लोन हेतु 2 सोने के कंगन, 2 चैन और 1 रिंग बैंक में प्रस्तुत कर डेढ़ लाख रूपए का लोन लिया। इसके अलावा दीपक कुमार ने दीपक आर्या पुत्र मोहन राम निवासी नंबर 124 हीरानगर ने भी गोल्ड लोन हेतु सोने की चैन व 2 कंगन बैंक में प्रस्तुत कर साठ हजार रूपए का गोल्ड लोन लिया। इसके बाद उसने एक लाख रूपए का गोल्ड लोन फिर लिया। वहीं सभी आलम पुत्र बहारे आलम निवासी वारसी कालोनी टनकपुर रोड वार्ड नंबर 4 हल्द्वानी ने भी एक लाख पैंतीस हजार रूपए का गोल्ड लोन लिया। जब बाद में उनकी पुन: शुद्धता जांची गई तो सोने के जेवर नकली पाए। बैंक प्रबंधक ने आरोपियों और अधिकृत भारद्वाज ज्वैलर्स के तरूण भारद्वाज द्वारा बैंक में आपसी मिली भगत एवं योजनाबद्ध तरीके से बैंक से भर्जी तरीके से धोखाधड़ी कर नकली सोने के आभूषण व संबंधित फर्जी कागजात पेश कर बैंक से गलत तरीके से लोन लेने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।